Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटपफार्म पर नहीं

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

वर्ष-२९ अंक-११ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जून २०१९ पृष्ठ ०८ मूल्यः१० रु.मात्र

## धारणा बनाने वाली ताकतें हारीं,जीता परिश्रम -प्रधानमंत्री



रे.स.ब्यू./संवा। वाराणसी से दोबारा सांसद बनने के बाद पहली बार काशी आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव परिणाम ने तय कर दिया कि राजनीतिक पंडितों के विचार और तर्क २०वीं सदी के थे २१वीं सदी के लिए इनका मतलब नही रह गया है। दिनांक २७.०५.२०१९ को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम भारत की महान विरासत को लेकर गौरव के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। ऋषियों, मुनियों, आचार्यों, शिक्षकों और वैज्ञानिकों ने हजारों साल में देश की परंपरा विकसित की। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के विजन पर चर्चा के साथ ही भाजपा पर टिप्पणी करने वालों को निशाने पर लिया। कहा, सदियों से खरी उतरीं यही परंपराएं देश को आगे ले जाएंगी। भारतीय महापुरुषों ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है। राजनीतिक टिप्पणी करते हुए पीएम ने कहा, हिंदुस्तान के कोने-कोने से हमारे प्रतिनिधि चुने गए। हमारा वोट परसेंटेज भी बढ़ा। लद्दाख में जीतते हैं, कर्नाटक में सबसे बड़ा दल, गोवा और असम में सरकार चलाते हैं, मगर हमारे बारे में भ्रम पैदा किया जाता है कि हिंदी हार्टलैंड की पार्टी हैं। पीएम ने कहा कि देश के लिए भले ही मैं प्रधानमंत्री हूं लेकिन आपके लिए मैं सेवक हूं। काशी के हर कार्यकर्ता और समर्थन का आभारी हूं, जिन्होंने चुनाव को जय-पराजय के तराजू से नहीं तौला।

## अमेठी में टूटा कांग्रेस का जीत का सिलसिला

रे.स.ब्यू./सू. अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी २०१४ का चुनाव हारने के बावजूद अमेठी में सक्रियता आखिर रंग लाई। १९८० के लोकसभा चुनाव में संजय गांधी की जीत के बाद शुरू हुआ कांग्रेस की जीत का सिलसिला केवल एक बार १९९८ में टूटा था। कांग्रेस के इस विजय रथ को एक बार फिर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रोक दिया है। भाजपा ने २०१४ के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी को अमेठी से राहुल गांधी के मुकाबले चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में उन्हें शिकस्त मिली लेकिन वे क्षेत्र में जमी रहीं।



इसके पहले अमेठी से चुनाव हारने वाला कोई भी बाहरी प्रत्याशी यहां नहीं लौटा था। उस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डा. संजय सिंह ने गांधी फैमिली के करीबियों में शुमार पूर्व मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा को हराया था। उसके बाद हुए कुल चार चुनावों में एक में सोनिया गांधी और तीन में राहुल गांधी को जीत मिली। स्मति ईरानी अमेठी में कांग्रेस का विजय रथ रोक दिया।

अपने राजनीतिक कौशल से उन्होंने न केवल राहुल गांधी की नाकामियों को उजागर किया बल्कि अपने कार्यों की फेहरिस्त गिनाकर कांग्रेस विरोधी माहौल बनाने में कामयाब रहीं। अमेठी के लोगों के लिए यह नया तजुर्बा था। राहुल गांधी के अमेठी के साथ ही वायनाड से चुनाव लड़ने की बात को भी उन्होंने जनता के बीच बेहद सलीके से उठाया। वे इसे राहुल गांधी की हार का भय बताने में कामयाब रहीं। चुनाव प्रचार की शुरुआत में भाजपा की अंतर्कलह को भी उन्होंने राजनीतिक कौशल से समाप्त किया। इसके लिए वे पार्टी पदाधिकारियों व नेताओं के घर-घर गईं।

## मोदी कैबिनेट-२....पीयूष गोयल को फिर एक बार रेल मंत्रालय का प्रभार

### अगले पांच वर्षों में रेल की गति बढ़ाने और यात्री सुविधा को बेहतर बनाने पर विशेष ज़ोर- पीयूष गोयल

रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। मोदी सरकार के कैबिनेट -२ में एक बार फिर पीयूष गोयल को रेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया, उन्होने दिनांक ३१.०५.२०१९ रेल भवन में रेल मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। रेलमंत्री के अलावा गोयल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर नए रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगडी चन्नाबसप्पा, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन बी. के. यादव और बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित थे। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने यात्री सेवाओं और रेलवे के विभिन्न आयामों में बदलाव के कई कदम उठाए हैं। अगले पांच वर्षों के दौरान रेल की गति बढ़ाने और यात्री सुविधा को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि रेल यात्रा और माल गाड़ी के आवागमन को बेहतर बनाया जा सके। रेल को बेहतर बनाने के लिए हम उसी उत्साह से कार्य करते रहेंगे। गोयल ने कहा कि पिछले कार्यकाल के दौरान भारतीय रेल में कई सुधार किए गए हैं। भारतीय रेल में सुरक्षा बेहतर हुई है। भारत ने पहली बार ऊर्जा और कोयला क्षेत्र में अधिशेष स्थिति प्राप्त की है। वर्तमान में पीयूष गोयल राज्यसभा के सदस्य हैं। (वे २०१० में पहली बार राज्यसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए थे और २०१६ में पुनः निर्वाचित हुए) इसके पहले वे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष थे। आम चुनाव २०१९ के दौरान वे भारतीय जनता पार्टी के प्रचार और घोषणापत्र समिति के सदस्य थे।गोयल पढ़ाई में असाधारण रहे हैं। अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा में उन्हें दूसरा स्थान मिला था। गोयल ने मुम्बई विश्वविद्यालय के कानून की परीक्षा में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया था। वे एक विख्यात इनवेस्टमेंट बैंकर हैं और उन्होंने कई कार्पोरेट कंपनियों को प्रबंधन रणनीति और विकास के लिए परामर्श दिया है। वे भारतीय स्टेट बैंक और बडौदा बैंक के बोर्ड के भी सदस्य रह चुके हैं। अपने ३५ वर्षों के लंबे राजनीतिक कार्यकाल में गोयल बीजेपी के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। अभी वर्तमान में वे राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सानिध्य में उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। नदियों को आपस में जोड़ने के लिए २००२ में बने टास्क फोर्स में सरकार ने उन्हें नामित किया था।



# रामविलास पासवान ने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य व जनवितरण मंत्रालय का कार्यभार संभाला




प.सू.का/नई दिल्ली। रामविलास पासवान ने दिनांक ३१.०५.२०१६ को दूसरी बार केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य व जनवितरण मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। पासवान बिहार से आठ बार सांसद और केन्द्र सरकार में छः बार मंत्री रहे हैं। दानवे राव साहिब दादाराव ने भी मंत्रालय में राज्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने केन्द्रीय मंत्री और राज्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें पुष्प बुके प्रदान किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान ने कहा कि २०१४ में लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके नाम पर वोट दिया था लेकिन २०१६ में उनके काम पर लोगों ने वोट दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे अच्छे प्रधानमंत्री हैं और पूरे विश्व में उन्हें वैश्विक राजनेता व राजनयिक के रूप में पहचान मिली है। पासवान ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतत्व में चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त थी। इसलिए सभी मंत्रालयों को १०० दिनों की योजना तैयार करने के लिए कहा गया था। उपभोक्ता मामलों के सचिव अविनाश के. श्रीवास्तव ने मीडिया को १०० दिनों की योजना के तहत प्रारम्भ किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# एडमिरल कर्मबीर सिंह बने नौसेना प्रमुख



प.सू.का/नई दिल्ली। एडमिरल करमबीर सिंह ने दिनांक ३१ मई, २०१६ को २४वें नौसेना प्रमुख के रूप भारतीय नौसेना की कमान संभाली। एडमिरल करमबीर सिंह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे। वे जुलाई १६८० में भारतीय नौसेना में शामिल हुए। वे रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, कॉलेज ऑफ नेवल वारफेयर, मुंबई से स्नातक हैं। उन्होंने इन दोनों संस्थानों में निर्देशन स्टाफ के रूप में कार्य किया है। उन्होंने ३६ साल से अधिक के अपने कार्यकाल में, भारतीय तटरक्षक जहाज चांदबीबी, मिसाइल कार्वेट आईएनएस विजयदुर्ग के साथ ही दो गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रायर, आईएनएस राणा और आईएनएस दिल्ली की कमान संभाली। उन्होंने पश्चिमी बेड़े के बेड़ा संचालन अधिकारी के रूप में भी काम किया। उन्होंने नौसेना मुख्यालय में नौसेना (वायु) के संयुक्त निदेशक के रूप में और मुंबई में नौसेना वायु स्टेशन के कप्तान (वायु) और प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने एयरक्रू इंस्ट्रूमेंट रेटिंग और श्रेणीकरण बोर्ड (एयरकैट्स) के सदस्य के रूप में भी काम किया।

वाइस एडमिरल के पद पर, वह करवार में नौसेना के विस्तार और आधुनिक आधार के बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट सीबर्ड के प्रभारी महानिदेशक रहे हैं। रक्षा मंत्रालय एकीकत मुख्यालय (नौसेना) में, एडमिरल नौसेना स्टॉफ के उप प्रमुख और बाद में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख रहे हैं। वे ३१ मई, २०१६ को नौसेना स्टाफ के प्रमुख के रूप में पदभार संभालने से पहले विशाखापत्तनम में फ्लैग ऑफिसर कमांडिग इन चीफ थे।

# भंडार विभाग के कर्मी प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के वैशाली प्रेक्षागृह में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक पुरस्कार का आयोजन किया गया। वित्तीय वर्ष २०१८-१६ के दौरान भंडार विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर एवं विभिन्न भंडार मंडलों एवं भंडार डिपो के ०३ अधिकारियों, ६३ ग्रुप-सी कर्मचारियों एवं ६७ ग्रुप-डी कर्मचारियों को नरेश प्रसाद सिन्हा, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक द्वारा ०४ ग्रुप पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक नरेश प्रसाद सिन्हा ने पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भंडार विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष २०१८-१६ में रेलवे बोर्ड द्वारा स्क्रैप बिक्री के निर्धारित लक्ष्य १४०.०० करोड़ की जगह २६६.६५ करोड़ की निलामी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अतिरिक्त निर्माण के विविध प्रोजेक्ट के लिए एवं ट्रेनों के सुचारूपूर्ण एवं सुरक्षित परिचालन के लिए आवश्यक संबंधित मदों की आपूर्ति निर्धारित लक्ष्य के अनुसार करने के लिए बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी तरह के कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भंडार विभाग के सभी अधिकारीगण, यूनियन के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# आग से बचाव पर कार्यशाला आयोजित

रे.स.ब्यू./सू.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में आग लगने के कारण और उससे बचाव के बारे में रेल कर्मियों को जानकारी देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को जानकारी दी गई कि कार्यालय का प्रबंधन इस तरह से किया जाए कि आग न लगने पाए। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि ऑफिस का काम खत्म करने के बाद कंप्यूटर और सारे विद्युत उपकरणों को बंद करने के बाद ही घर जाएं। फाइलों को सुरक्षित अलमीरा में बंद कर दें, कागज या फाइलें बिखरा हुआ न छोड़ें। कार्यक्रम में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अमिताभ प्रभाकर ने कार्यालय परिसर में आग से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) दिलीप कुमार द्वारा किया गया।

# महाप्रबंधक उत्तर रेलवे द्वारा डीजल लोकोमोटिव शेड तुगलकाबाद का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। टी.पी. सिंह, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक एस. सी. जैन तथा उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ डीजल लोकोमोटिव शेड तुग़लकाबाद का निरीक्षण किया। यह भारतीय रेलों का प्रमुख लोकोमोटिव अनुरक्षण केंद्र है तथा अपने स्थापना के ५० वर्ष पूर्ण कर चूका है। डीजल शेड में महाप्रबंधक ने विभिन्न लोकोमोटिव उपकरणों, टेस्ट सेटअप, रासायनिक तथा धातु कर्म संबंधित प्रयोगशाला, लोकोमोटिव सिमुलेटर सेंटर व प्रशिक्षण स्कूल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अल्ट्रासोनिक प्लांट, एयर ब्रेक टेस्ट फैसिलिटी के कार्य की प्रशंसा की।

साथ ही उन्होंने लोकोमोटिव के अंडर गियर्स का सूक्ष्म अवलोकन किया ताकि अनुरक्षण के दौरान सुरक्षित प्रक्रिया का अपनाया जाना सुनिश्चित हो सके। महाप्रबंधक ने शेड में कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा अपनाए जा रहे नवाचार व अनुरक्षण प्रक्रिया पर संतुष्टि व्यक्त की। टी. पी. सिंह ने तुग़लकाबाद शेड के ५०वें गौरवशाली वर्ष पर सभी अधिकारियों व रेलकर्मियों को बधाई देते हुए सभी लोकोमोटिवस की संरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाने हेतु फोकस बनाये रखने को कहा। महाप्रबंधक ने निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर जोखिम वाले क्षेत्रों में संरक्षा टीम द्वारा सुरक्षा निर्देशों का पूर्णतया पालन किया जाना चाहिए। महाप्रबंधक ने अनुरक्षण कर्मचारियों से बात की तथा आवाहन किया कि संरक्षा व गुणवत्ता बनाए रखें व विभिन्न कार्यों के दौरान संरक्षा के साथ को समझौता ना किया जाए। तत्पश्चात महाप्रबंधक ने यूनियन के प्रतिनिधियों से बात की।

## कांग्रेस, सपा-बसपा ने देश को लूटा-योगी आदित्यनाथ

रे.स.ब्यू./सू. गोरखपुरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत कबीर नगर के हैंसर बाजार की जनसभा में विपक्षी दलों पर करारा प्रहार किया। स्थानीय देवस्थलों का जिक्र करते हुए सपा-बसपा पर विकास में भेदभाव करने वाला बताया।

लगे हाथ मोदी सरकार और अपने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। कांग्रेस, सपा और बसपा पर देश लूटने वाला बताया तो वहीं इस चुनाव में भाजपा के ४०० से अधिक सीटों पर जीत का दावा किया। हैंसर बाजार के मानसिंह बाग में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि दो महीने में उन्होंने देश के अधिकांश हिस्सों तथा यूपी के ३६ सीटों पर प्रचार किया है।

हर जगह केवल मोदी सरकार का नारा गूंज रहा है। यह पांच वर्ष की मेहनत का परिणाम है। मोदी सरकार ने डेढ़ करोड़ गरीबों को मकान दिया, सात करोड़ लोगों को रसोई गैस का कनेक्शन दिया, साढ़े नौ करोड़ घरों में शौचालय बनवाया और १२.५० करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया। बसपा और सपा पर प्रदेश में विभाजनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगर दीपावली में बिजली दी तो ईद में भी बिजली दी। उन्होने कहा कि हमारा नारा है विकास सबका, तुष्टिकरण किसी का नहीं।

## रेल सप्ताह के अवसर पर प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक पुरस्कार




रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। रेल सप्ताह के अवसर पर विभिन्न विभागों में विभागाध्यक्ष स्तर पर उत्कष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में परिचालन विभाग द्वारा ६४वां रेल सप्ताह पुरस्कार प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक स्तर का समारोह आयोजित की गई। परिचालन विभाग द्वारा आयोजित इस रेल सप्ताह समारोह में पी.के.जेना, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष २०१८-१६ के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले परिचालन विभाग के ५० कर्मचारियों के साथ-साथ ०५ ग्रुप अवार्ड भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ, एस.एन. मुखर्जी, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (कोचिंग), मुख्य कार्यालय अधीक्षक गजानन्द वासुदेव फडके एवं एस.एम. के. हयात, मुख्य् नियंत्रक (यात्री) द्वारा किया गया।

## रामबाग फ्लाईओवर के नीचे का रास्ता तीन माह में खोलने का आदेश

रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। आम लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए हाई कोर्ट ने उत्तर पूर्व रेलवे और इलाहाबाद विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि फ्लाईओवर के नीचे का रास्ता तीन माह में तैयार कर लिया जाए ताकि इसे आम जनता के आवागमन के लिए खोला जा सके। रास्ता बंद होने से पैदल चलने और साइकिल तथा रिक्शा चालकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर पूर्व पार्षद भारत लाल अनुरागी ने कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका पर न्यायमूर्ति पीकेएस बघेल और न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने सुनवाई की। याची का कहना था कि फ्लाईओवर निर्माण के बाद नीचे का रास्ता बंद कर दिया गया है। पिछले तीन माह से कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रेलवे को निर्देश दिया है कि फ्लाईओवर के नीचे की सड़क तीन माह में बना दी जाए तथा इसकी अनुपालन रिपोर्ट अगली सुनवाई पर पेश की जाए वहीं दूसरी ओर रेलवे के अधिवक्ता का कहना था कि रेलवे की यह नीति है जब कोई प्लेटफार्म या दूसरा निर्माण होता है तो डीएम की अनुमति लेकर रास्ता बंद कर दिया जाता है। इस मामले में भी रेलवे ने डीएम से अनुमति लेकर रास्ता बंद किया है।

## गाँधीधाम तथा भागलपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। ग्रीष्मकाल के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ की निकासी के लिए, रेलवे गाँधीधाम तथा भागलपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन शुरू किया है:-

रेलगाड़ी संख्या ०६४५१ गाँधीधाम-भागलपुर साप्ताहिक स्पेशल (१२ फेरे) दिनांक १२.०४. २०१६ से २८.०६.२०१६ तक प्रत्येक शुक्रवार को गाँधीधाम से सांय ०५.४० बजे प्रस्थान करके रविवार को सांय ०६.०० बजे भागलपुर पहुँचेगी ।

वापसी दिशा में रेलगाड़ी संख्या ०६४५२ भागलपुर-गाँधीधाम साप्ताहिक स्पेशल (१२ फेरे) दिनांक १५.०४.२०१६ से ०१.०७. २०१६ तक प्रत्येक शुक्रवार को गाँधीधाम से सांय ०५.४० बजे प्रस्थान करके रविवार को सांय ०६.०० बजे भागलपुर पहुँचेगी। तीन वातानुकूलित ३ टीयर, आठ शयनयान श्रेणी तथा सात सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह विशेष रेलगाड़ी मार्ग में बलिया, मऊ, मुहम्मदाबाद, आजमगढ़, खोरसेन रोड, शाहगंज, फैजाबाद, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी ।

## नई दिल्ली-काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी के समय में संशोधन

रे.स.ब्यू./संवा।नई दिल्ली-काठगोदाम- नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी के समय में दिनांक १०. ०६.२०१६ से निम्नानुसार संशोधन करने का निर्णय किया है :-१२०४०/१२०३६ दिनांक १०.०६.२०१६ से सुबह ०६.०० बजे के स्थान पर सुबह ०६.२० बजे प्रस्थान करके उसी दिन पूर्वाह्न ११.४० बजे काठगोदाम पहुंचेगी। वापसी दिशा में १२०३६ काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी काठगोदाम से दोपहर ०३.३५ बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि ०६.१० बजे के स्थान पर रात्रि ०८.५० बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। १२०४० नई दिल्ली-काठगोदाम शताब्दी एक्सप्रेस दिनांक १०.०६.२०१६ से गाजियाबाद (सुबह ०७.०० बजे से सुबह ०७. ०२ बजे तक), मुरादाबाद (सुबह ०८.५० बजे से सुबह ०८.५५ बजे तक), रामपुर (सुबह ०६.२६ बजे से सुबह ०६.२८ बजे तक), रुद्रपुर सिटी (सुबह १०.०३ बजे से सुबह १०.०५ बजे तक), लालकुआं (पूर्वाह्न १०.४० बजे से पूर्वाह्न १०.४३ बजे तक) और हल्द्वानी (पूर्वाह्न ११.०८ बजे से पूर्वाह्न ११.१० बजे तक) स्टेशनों पर ठहरेगी। वापसी दिशा में १२०३६ काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस दिनांक १०.०६.२०१६ से हल्द्वानी (दोपहर ३. ५२ बजे से दोपहर ३.५४ बजे तक),लालकुआं (शाम ०४.२१ बजे से शाम ०४.२३ बजे तक), रुद्रपुर सिटी (शाम ०४.४६ बजे से ०४.४८ बजे तक), रामपुर (शाम ०५.३७ बजे से शाम ०५.३६ बजे तक), मुरादाबाद (शाम ०६. १२ बजे से ०६.१७ बजे तक) और गाजियाबाद (रात्रि ०८.०५ बजे से रात्रि ०८.०७ बजे तक) स्टेशनों पर ठहरेगी।

## जब लू लग जाये, तो करें घरेलू उपाय

धूप और लू से बचने के लिए आप कई तरह से सतर्क रहते हैं और इनसे बचने का पूरा प्रयास भी करते हैं। लेकिन इन सभी के बावजूद अगर आपको लू लग जाए, या फिर शरीर में गर्मी अधिक बढ़ जाने पर आप बीमार महसूस करें, तो यह उपाय आपको जरूर आजमाने चाहिए। खुले शरीर धूप में न निकलें। अगर निकलना ही पड़े तो धूप में निकलने पर सिर अवश्य ढंके। आंखों पर सनग्लासेस लगाएं और हो सके तो सफेद या हल्के रंग के कॉटन के कपड़े ही पहनें। अचानक ठंडी जगह से एकदम गर्म जगह ना जाएं। खासकर एसी में बैठे रहने के बाद तुरंत धूप में ना निकलें। कच्चा प्याज रोज खाएं। धूप में निकलने पर अपने पॉकेट में छोटा सा प्याज रखें, यह लू शरीर को लगने नहीं देता और सारी गर्मी खुद सोख लेता है। ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। जिससे पसीना आकर शरीर का तापमान नियमित निर्धारित हो सके तथा शरीर में जल की कमी न हो सके। अधिक गर्मी में मौसमी फल, फल का रस, दही, मठ्ठा, जीरा छाछ, जलजीरा, लस्सी, आम का पना पिएं या आम की चटनी खाएं। लू लगने पर तत्काल योग्य डॉक्टर को दिखाना चाहिए। डॉक्टर को दिखाने के पूर्व कुछ प्राथमिक उपचार करने पर भी लू के रोगी को राहत महसूस होने लगती है। बुखार तेज होने पर रोगी को ठंडी खुली हवा में आराम करवाना चाहिए। १०४ डिग्री से अधिक बुखार होने पर बर्फ की पट्टी सिर पर रखना चाहिए। रोगी को तुरंत प्याज का रस शहद में मिलाकर देना चाहिए। रोगी के शरीर को दिन में चार-पांच बार गीले तौलिए से पोंछना चाहिए। चाय-कॉफी आदि गर्म पेय का सेवन अत्यंत कम कर देना चाहिए। प्यास बुझाने के लिए नींबू के रस में मिट्टी के घड़े अथवा सुराही के पानी का सेवन करवाना चाहिए। बर्फ का पानी नहीं पिलाना चाहिए क्योंकि इससे लाभ के बजाए हानि हो सकती है।

सम्पादकीय

# राजनीति का गिरता चरित्र

आजकल टीवी चैनलों पर नेताओं के तीखे भाषण सुनने को मिल रहे हैं। राष्ट्रीय एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा जैसे शब्द हर दस मिनट बाद सुनाई देते हैं तो दूसरी तरफ चंद उम्मीदवारों को छोड़कर हर उम्मीदवार अपने लिये वोट खरीदने की जुगत भिड़ा रहा है। उन्हें ऐसे महारथियों की तलाश है जो उनके लिये वोट का जुगाड़ कर सके। इन्हें कई नामों से पुकारा जाता है। विचारों का न काई चरित्र है न चेहरा। कहीं इन्हें बाहुबली कहा जाता है, तो कहीं रंगदार।

राजनीति का यह दौर वैचारिक और सैद्धांतिक रूप से संक्रमण का है।वैचारिकता की जमीन सैद्धांतिक रूप से बंजर हो चली है। सियासत में चारों ओर दिखाई दे रहा है तो वह है केवल सत्ता के लिये संघर्ष। सत्ता संघर्ष की नीति यह साबित कर रही है कि सिंहासन हासिल करने के लिये काम, दाम, दंड, भय और भेद ही सबकुछ है।

सवाल उठता है कि चुनावी मौसम में दलबदल का बाजार क्यों सज जाता है। टिकट कटने पर ही विचारधारा 'अछूत' क्यों बन जाती है। राजनीति अगर जनसेवा है तो सौदेबाजी क्यों की जाती है।

पार्टी सेवा में जिंदगी लगा देने वाले संघर्षशील कार्यकर्ताओं को टिकट क्यों नहीं मिलता। अभिनेता, अभिनेत्री, खिलाड़ी, साहित्याकार, प्रशासनिक अफसर पार्टियों की टिकट क्यों ले जाते हैं जबकि समाज सेवा के लिये उनके सामने अनेक मार्ग होते हैं। सचमुच प्रजातंत्र उफान पर है, राजनीति का चरित्र गिर रहा है।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# 6 Summer Special Trains Between Kakinada Town - Renigunta

**RSB/Secunderabad :** In order to clear extra rush of passengers, 6 Summer Special Trains will be run between Kakinada Town–Renigunta-Kakinada Town as detailed below:

Train No. 07210 Kakinada Town–Renigunta Summer Special Train will depart Kakinada Town at 18:45 hrs on 3rd, 5th, 8th May, 2019 and arrive Renigunta at 06:30 hrs on the next day.In the return direction, Train No. 07209 Renigunta–Kakinada Town Special Train will depart Renigunta at 19:00 hrs on 4th, 6th, 9th May, 2019 and arrive Kakinada Town at 06:00 hrs on next day. Enroute these Special Trains will stop at Samalkot, Dwarapudi, Rajahmundry, Nidadavolu, Tadepalligudem, Eluru, Vijayawada, Tenali, Bapatla, Chirala, ongole, Singarayakonda, Kavali, Nellore, Gudur and Srikalahasti Stations in both the directions. These special trains consist of AC III Tier, Sleeper Class and General Second Class Coaches.

# इलाहाबाद मंडल में अप्रैल २०१६ को सेवानिवृत्त हुए ७४ कर्मचारी



रे.स.ब्यू./संवा.इलाहाबाद मण्डल में दिनांक ३०.०४.२०१६ को मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय स्थित मंडल सभागार में कर्मचारियों के सेवानिव त्ति के अवसर पर समापन भुगतान समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने किया। ०१ अधिकारी सहायक मंडल बिजली इंजीनीयर कानपुर एस के शुक्ला एवं ७४ कर्मचारी सेवा निवत्त हुए। अपर मंडल रेल प्रबंधक के कुशल नेत त्व के फलस्वरूप सेवानिव त्त होने वाले रेल कर्मचारियों को सेवा माह के अन्तिम दिन ही समापन भुगतान का विवरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन, मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे, मंडल वित्त प्रबन्धक एम० एच० अन्सारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रथम वार्षिक अधिकारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन




रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल अधिकारी संघ द्वारा पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में दो दिवसीय प्रथम वार्षिक अधिकारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों एवं मुख्यालय के अधिकारियों एवं उनके परिवारों के सदस्यों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक १४.०४.२०१६ को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चन्द्र त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती कौमूदी त्रिवेदी सहित महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अधिकारियों के मध्य एक नई ऊर्जा का संचार होगा जिसका सकारात्मक परिणाम दिन प्रतिदिन के कार्यालय कार्य के निष्पादन एवं प्रबंधन में भी परिलक्षित होगा।

उन्होंने भविष्य में इस तरह के आयोजन नियमित रूप से किये जाने पर भी बल दिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं के तहत बैंडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज आदि खेलों का आयोजन किया ।

इन प्रतियोगिता में टेबल टेनिस प्रतियोगिता के ४५ वर्ष आयु वर्ग के सिंगल (पुरूष वर्ग) के विजेता आर.के.गुप्ता/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ मधेपुरा, तथा २१ वर्ष आयु वर्ग के विजेता रेल पहिया कारखाना/बेला में पदस्थापित प्रधान वित सलाहकार श्रीमती पुष्पा रानी के पुत्र चैतन्य रहे।

इसी तरह बैडमिंटन प्रतियोगिता के मिश्रित युगल वर्ग में वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक नीरज अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती मोनिका अग्रवाल विजेता रहे जबकि महिला सिंगल एवं महिला युगल वर्ग की विजेता भी श्रीमती मोनिका अग्रवाल रहीं ।

# गाँधी धाम-भागलपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। ग्रीष्मकाल के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ की निकासी के लिए, रेलवे गाँधीधाम तथा भागलपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन निम्नानुसार करेगी:- ०६४५१/०६४५२ गाँधीधाम-भागलपुर-गाँधीधाम साप्ताहिक स्पेशल (२४ फेरे) रेलगाड़ी संख्या ०६४५१ गाँधीधाम-भागलपुर साप्ताहिक स्पेशल (१२ फेरे) दिनांक १२.०४.२०१६ से २८.०६.२०१६ तक प्रत्येरक शुक्रवार को गाँधीधाम से सांय ०५.४० बजे प्रस्थान करके रविवार को सांय ०६.०० बजे भागलपुर पहुँचेगी । वापसी दिशा में रेलगाड़ी संख्या ०६४५२ भागलपुर-गाँधीधाम साप्ताहिक स्पेशल (१२ फेरे) दिनांक १५.०४.२०१६ से ०१.०७.२०१६ तक प्रत्येक शुक्रवार को गाँधीधाम से सांय ०५.४० बजे प्रस्थान करके रविवार को सांय ०६.०० बजे भागलपुर पहुँचेगी।

तीन वातानुकूलित ३ टीयर, आठ शयनयान श्रेणी तथा सात सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह विशेष रेलगाड़ी मार्ग में बलिया, मऊ, मुहम्मदाबाद, आजमगढ़, खोरसेन रोड, शाहगंज, फैजाबाद, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी ।

हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य- सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# P. Mahesh assumes charge as new DRM of Chennai Division

**RSB/Chennai: P.Mahesh, IRSME has taken over charge as the new Divisional Rly. Manager of Chennai Division of Southern Railway on 24th of April, 2019. An officer belonging to Indian Railway Service of Mechanical Engineers (IRSME), P.Mahesh has vast experience in different facets of Railway working. He had served Southern Railway, North Frontier Railway and Integral Coach Factory in various capacities earlier. P. Mahesh has the unique distinction of having held the post of Chief Workshop Manager in three prestigious workshops of Indian Railways, namely, Golden Rock Workshop, Carriage & Wagon Workshops at Perambur and New Bongaigon (Assam).**



**Besides, he had also worked as Consultant with RITES while on deputation in Lanka. P.Mahesh, IRSME succeeds Naveen Gulati as the Divisional Railway Manager of Chennai Division of Southern Railway.**

## पार्टनरशिप फर्म है भाजपाः योगेश

रे.स.ब्यू./संवा.। इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी योगेश शुक्ला और कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाए। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए योगेश ने पहली बार सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर खुलकर हमला बोला। योगेश ने कहा कि भाजपा मोदी-शाह की पार्टनरशिप फर्म बन गई है। भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र की हत्या हो चुकी है। यहां गरीबी पर वार के नारे लगाए गए। जार्ज टाउन में हुए इस सम्मेलन में फूलपुर प्रत्याशी पंकज निरंजन, रामयज्ञ द्विवेदी, मंजू चंद्रा, मानिक चंद्र पटेल समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

# पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, जबलपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया

रे.स.ब्यू./सू.जबलपुर पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, जबलपुर द्वारा दिनांक ०१ मई २०१६ को रेल सौरभ ऑफिसर्स क्लब में अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती शिखा गंगल, सचिव/पमरे महिला संगठन द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती संजीता विजयवर्गीय, अध्यक्षा/पमरे महिला संगठन के स्वागत से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती संजीता विजयवर्गीय, अध्यक्षा/पमरे महिला संगठन द्वारा मई दिवस के अवसर पर कुल १० उत्कृष्ठ रेल कर्मचारियों मोहनलाल सेन, प्रदीप कुमार पाण्डेय, करन कालू, श्रीमती उमा जीवन, पतीराम,राम किशन आर, दयाल बाबू, देवर चंद एवं अरविंद कुमार को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, जबलपुर की पदाधिकारी एवं अन्य समस्त सदस्यायें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आरती गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती मनीषा चौहान द्वारा किया गया।

# General Manager Facilitates Victorious Northern Railway Men's Cricket Team



**RSB/New Delhi: General Manager, T.P. Singh, facilitated the Northern Railway Men's Cricket team which had earlier won the coveted Inter-Railway Cricket Championship (Men) held at Diesel Motive Works, Patiala, at Northern Railway Headquarter office, Baroda House, New Delhi on 22.04.2019. The NR team defeated the reigning champions Western Railways by a huge margin of 143 runs in the finals. NR has won the championship for the first time since its inception. Addressing the members of the victorious team Sh. Singh congratulated the team members on their remarkable feat and enthused them to achieve greater success in future. He also encouraged the Northern Railway Sports Association to put in focused efforts to achieve laurels in other disciplines also. On the occasion the General Manager announced group cash award of Rs. 50,000 for the members of the winning NR Cricket team.**

# सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के मॉडर्न कार्यालय का शुभारम्भ



रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय इलाहाबाद में सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कार्यालय को आधुनिक बनाया गया, जिसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ के कर कमलों द्वार किया गया। कार्यालय में तीन खंड है जिसमें मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार प्रबंधक कार्यालय, तकनीकी खंड एवं ड्राइंग खंड हैं। प्रत्येक खंड में कर्मचारियों के कार्य के अनुसार सुविधाएं प्रदान की गई है। कार्यालय को आधुनिक बनाते हुए पुरानी मेज, कुर्सी एवं अलमारी को हटाकर आधुनिक एवं नई मेज कुर्सी एवं कम्पैक्टर लगाये गये है। कार्यालय में २४ कार्य स्टेशन बनाये गए है जो की १० नवीनतम कंप्यूटर सुविधायों से युक्त हैं। तकनीकी खंड में १० कार्य स्टेशन बनाये गए हैं जो की ०६ नवीनतम कंप्यूटर सुविधायों से युक्त हैं एवं ड्राइंग खंड में ०६ कार्य स्टेशन बनाये हैं जो की ०४ नवीनतम कंप्यूटर सुविधायों से युक्त है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मनु प्रकाश दुबे वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूर संचार सम. नीरज यादव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/सम. अतुल गुप्ता, तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# मोबाइल आधारित टिकट बुकिंग पर प्राप्त होने वाले बोनस की अवधि में विस्तार

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु भारतीय रेल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन (एनड्राइड या विंडो आधारित) के जरिए अनारक्षित टिकट बुकिंग (UTS Ticket) की सुविधा दिनांक २४.०६.२०१८ से उपलब्ध करायी जा चुकी है।

इस प्रकार अब बिना कतार में लगे हुए इस सुविधा के जरिए काफी संख्या में यात्रीगण लाभान्वित हो रहे हैं। मोबाइल पर अनारक्षित टिकट बुक करने के लिए 'आर वालेट' रिचार्ज करने पर रिचार्ज वैल्यू का ५ प्रतिशत धनराशि बोनस के रूप में प्राप्त होते हैं। प्रारंभ में यह योजना छः महीने के लिए लागू की गयी थी जिसकी अवधि में विस्तार किया गया है। अब यात्रियों को दिनांक २४.०८.२०१६ तक इस योजना (बोनस राशि) का लाभ मिलेगा।

# सफ़र में हो असुविधा तो करें टोल फ्री नंबरों का इस्तेमाल

रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। सफ़र के दौरान यात्रियों को आने वाली समस्याओं का समुचित तथा फ़ौरन निपटान हो सके। इस कार्य के लिए रेलवे ने अपने टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। यात्रियों अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को जैसे कोच में पानी का अभाव, कोच में सफाई ना होना, लिनेन की समस्या, कोच में प्रकाश सुविधा में कमी, एसी की कूलिंग ठीक ना होना, खाने की गुणवत्ता में कमी आदि की शिकायत १३८ टोल फ्री नंबर पर कर सकते हैं।

यह सुविधा उन लोगो के लिए भी अत्यंत लाभदायक है जो स्मार्ट फोन के अभाव में ट्वीटर का प्रयोग नहीं करते है। यहां यह बात भी गौर करने लायक है कि १३८ नम्बर, पी. एन. आर. से संबंधित इंक्वायरी के लिए नहीं है उसके लिए १३६ नंबर अलग से मौजूद है।

लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में बहुत से यात्री उसका प्रयोग नहीं करते। इसी तरह यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए १८२ टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। यात्रा के दौरान होने वाली अभद्रता, मार पीट, गाली गलौज, हिंसा या इस तरह की संभावना होने पर यात्री इसका प्रयोग कर सकते है इस पर प्राप्त सूचना (शिकायत) के आधार रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही सुनुश्चित की जाती है।

उपरोक्त दोनों ही टोल फ्री नंबर (१३८-१८२) मंडल के नियंत्रक कार्यालय द्वारा नियंत्रित होते हैं तथा इनके जरिए रेल प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। शिकायत के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर सबसे उचित तथा सटीक माध्यम है। यत्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान किसी भी समस्या के निराकरण हेतु उपरोक्त टोल फ्री नंबरों का उपयोग करें, किसी अपरिचित का दिया हुआ खाद्य पदार्थ स्वीकार न करें एवं अपनी यात्रा को सुखमय बनायें।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# ६४ वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक पुरस्कार का आयोजन

## इलाहाबाद मंडल को मिली सर्वोत्तम मंडल की शील्ड

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। प्रथम भारतीय रेल १६ अप्रैल १८५३ को बोरीबंदर से ठाणे के बीच महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में ६४ वां रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया।




चली थी, इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में रेल सप्ताह समारोह मनाया जाता है। वित्तीय वर्ष के दौरान अच्छा कार्य करने वाले विभाग एवं स्टेशन को शील्ड तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाता है। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रकाश ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि रेल सप्ताह के अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए गर्व एवं सम्मान की बात होती है। महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में उत्तर मध्य रेलवे में किये जा रहे अच्छे कार्यों का वर्णन करते हुए उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर सांस्कतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ६४ वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन श्रीमती ललिता चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यालय एवं मंडल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले १८, अधिकारियों एवं ६४ कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार जिसमें प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इलाहाबाद मंडल के ०६ अधिकारिया दिनेश शर्मा निजी सचिव (राजपत्रित) मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद, चंदन सिंह मंडल यांत्रिक इंजीनियर, सुनील कुमार चौहान अधिशासी अभियंता, मुकेश कुमार वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर अलीगढ़, समर्थ गुप्ता मंडल यातायात प्रबंधक टूंडला एवं डा. आशीश अग्रवाल वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी इलाहाबाद तथा २० कर्मचारियों राजीव कुमार वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी, प्रशांत खरे टेकनीशियन इलाहाबाद,राजेंद्र सिंह वरिष्ठ खंड अभियंता, राजेश कुमार चतुर्वेदी वरिष्ठ खंड इंजीनियर सिगनल इलाहाबाद, सुश्री परिणीता रतन मेंढे मुख्य नर्सिंग अधीक्षक, अरुण कुमार आर्य सेंट जॉन एंबुलेंस, राहुल दुबे मुख्य वाणिज्य निरीक्षक इलाहाबाद, वीरेंद्र सिंह मुख्य लोको निरीक्षक,एन आर कुशवाहा लोको पायलट,हीरा आनंद वरजानी वरिष्ठ खंड इंजीनियर/ पी वे, ओम प्रकाश वरिष्ठ खंड इंजीनियर/ब्रिज,इंदल पासवान ट्रेक मेंटेनर,चंद्र प्रकाश मुख्य कार्यालय अधीक्षक कार्मिक तथा सुश्री मीनाक्षी कुमारी नर्सिंग सिस्टर को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा ५० सामूहिक पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमें इलाहाबाद मंडल को कुल १७ सामूहिक पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त ३४ रनिंग शील्ड प्रदान की गयी जिसमें इलाहाबाद मंडल को १३ शील्ड वाणिज्य विभाग दक्षता शील्ड, रेल पथ (ट्रैक शील्ड), समग्र इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड, इलेक्ट्रिक लोको शेड शील्ड, सामान्य सेवा एवं ऊर्जा दक्षता शील्ड, चिकित्सा शील्ड, संरक्षा दक्षता, सुरक्षा दक्षता, कार्य दक्षता, समग्र सुधार मंडल एवं सर्वोत्तम मंडल शील्ड इलाहाबाद मंडल को प्राप्त हुई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अरुण मलिक, मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद अमिताभ, तथा मंडल एवं मुख्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी आर के गुप्ता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

अपने शुभचिंतकों को घर पर ही
विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं

# PUNEET CHAWLA (IRSSE) APPOINTED AS CHAIRMAN AND MANAGING DIRECTOR OF RAILTEL

RSB/New Delhi: Puneet Chawla (IRSSE) present Executive Director/Mobility (S&T) Railway Board has been appointed as Chairman and Managing Director of Railtel Corporation of India ltd. Prior to this, he has worked as Divisional Railway Manager (DRM), Ajmer, where he gave lot of thrust on developing infrastructure in areas of Safety, Capacity Augmentation (Doubling) and Railway Electrification. Large Scale passenger amenities like, Satellite stations, Second Entry at A1 and A class stations, lifts, escalators, Wi-Fi services, cashless services, water vending machines, Baby feeding rooms, Mechanized cleaning of stations round the clock etc. were put in place by him. Eco-friendly measures i.e. installation of Solar panels, LED bulbs for lighting, green walls, mass plantations on Railway land, were also taken up on a war footing. Divisional Hospital Ajmer became first Green Hospital of Indian Railways. Large scale land monetization initiatives were also taken by him. Shri Chawla has handled many other important positions with Indian Railways i.e General Manager, Rail Vikas Nigam Ltd. (RVNL), Chief Project Manager, Indian Railway Project Management Unit (IRPMU) etc. While working as Chief Project Manager, Indian Railway Project Management Unit, he was instrumental in taking the path breaking project of Modernization of Signaling & Telecom (S&T) system on Ghaziabad-Kanpur-Mughal Sarai Section (755Kms) involving installation of Electronic Interlocking (EI), Mobile Train Radio Communication on GSM-R to an advanced stage of completion. Centralized Traffic Control (CTC) for working of trains from a central place and Automatic Signaling on Optical Fiber backbone was implemented for the first time on Indian Railways under his leadership. Armed with degrees of B.E./Electronic and Electrical Communication from Punjab Engineering College, Chandigarh (Where he was Gold Medalist) and M.B.A, Shri Chawla has long experience in Project Management and Administrative fields.



Shri Chawla has versatile qualities of Team work and Man Power Planning. He has an image of being reliable and soft spoken. Shri Chawla has been awarded at National, Zonal and Divisional levels of the Ministry of Railways, and has attended many training programs in India and abroad.

# वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा प्रशासन विभाग के कर्मचारी पुरस्कृत

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक सम्मेलन कक्ष में दिनांक १३.०५.२०१६ को वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल द्वारा पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के प्रशासन विभाग के ७१ रेलकर्मियों को वर्ष २०१८-१६ मे उल्लेखनीय कार्य नि पादन हेतु 'वरिष्ठ महाप्रबंधक स्तरीय पुरस्कार' से पुरस्क त किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में चतुर्थ श्रेणी के १६, तृतीय श्रेणी के ५० रेलकर्मियों एवं ०५ ग्रुप बी अधिकारी को योग्यता प्रमाण पत्र तथा नकद राशि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज अग्रवाल ने पुरस्कृत रेलकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेल सेवा राष्ट्र सेवा है इसलिए किसी भी रेलकर्मी का पुरस्क त होना रेलवे को पुरस्कृत होने के समान है।

उन्होंने रेलकर्मियों को और अधिक कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने को कहा ताकि वे और कर्मचारियों के सामने आदर्श प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जिन कर्मचारियों को इस बार पुरस्कार नहीं मिला है वे यह न समझे कि उन्होंने बेहतर कार्य नहीं किया है।

इस अवसर पर महाप्रबं ाक के सचिव ए.के.झा, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी /इंजीनियरिंग सौरव मिश्रा, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/विद्युत बी.के.सिंह, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/भंडार सन्नी सिन्हा, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/लेखा ए.के.पाठक, मुख्य जनसंपर्क अधिकरी राजेश कुमार एवं प्रशासन विभाग के रेलकर्मी उपस्थित थे।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# श्रद्धा के साथ मनायी गई भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की १२८वीं जन्म दिवस

रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सभी मंडल बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर सहित मुख्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का १२८वीं जन्म दिवस दिनांक १५ अप्रैल २०१६ को पूरी श्रद्धा के साथ मनायी गयी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजन कार्यक्रम मे महाप्रबंधक सुनील सिंह सोईन के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक ने कहा की डॉ भीमराव अम्बेडकर आज भी दलितों नारियों गरीबो एवं असहायों के मसीहा के रूप में याद किए जाते हैं।

इतिहास के पन्नों मे उन्हे संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूम में याद किया जाता है। डॉ भीमराव अम्बेडकर जीवन के हर क्षेत्र-सामाजिक, आर्थिक और राजनिति में लोकतंत्र के पक्षधर थे। वे भारत माँ के यशस्वी सपूत थे। अंत में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के जन्म दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि रेल सेवा के माध्यम से हमें जो देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरे समर्पण, सदभावना, निष्ठा व ईमानदारी से पूर्ण करेंगे।

उक्त गरिमामय आयोजन में द.पू.म. रेलवे मुख्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय कार्मिक विभाग के द्वारा किया गया।

# मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद द्वारा मैनपुरी-इटावा खंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सू.। इलाहाबाद के मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने मंडल के अधिकारियो के साथ दिनांक १२.०४.२०१६ को शिकोहाबाद-फरुखाबाद तथा मैनपुरी-इटावा खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण एवं अन्य स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने कोसमा, मैनपुरी, भोगांव, मोटा, नीबकरोरी, करहल और इटावा स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

सर्वप्रथम शिकोहाबाद-फरुखाबाद खंड में कोसमा स्टेशन का निरीक्षण किया, तत्पश्चात मैनपुरी स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया का सघन निरीक्षण किया जिसमे स्टेशन मास्टर कक्ष, प्रतीक्षालय, पार्सल गोदाम, आर. पी.एफ. पोस्ट, रेलवे कालोनी का निरीक्षण किया। इटावा स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक ने पत्रकारों से भी वार्ता किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन मास्टर कक्ष, सेफ्टी उपकरण, रजिस्टरों का रख-रखाव, अग्नि शमन यंत्र तथा स्टेशन पर स्वच्छता का निरिक्षण किया एवं ट्रैक के आस-पास तथा स्टेशनों पर सफाई के विशेष निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मनु प्रकाश, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सम) अतुल गुप्ता, तथा मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक

# बरौनी और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के बीच एसी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रे.स.ब्यू./सू. हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए हाजीपुर-पाटलीपुत्र-आरा-पं. दीनदयाल उपाध्याय-इलाहाबाद छेवकी-जबलपुर के रास्ते बरौनी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच दिनांक ११.०४.२०१६ से ०५.०७. २०१६ तक एसी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई से बरौनी के लिए यह ०११३३ के नंबर से चलेगी जबकि बरौनी से लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के लिए ०२०६२ नंबर से परिचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या ०११३३ लोकमान्य तिलक टर्मिनल-बरौनी समर स्पेशल (साप्ताहिक) दिनांक ११.०४.२०१६ से ०४.०७.२०१६ तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से ०५. १० बजे खुलकर शुक्रवार को १०. १५ बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय, ११.५० बजे बक्सर, १३.१० बजे आरा, १४.१० बजे पाटलीपुत्र, १५. ०५ बजे हाजीपुर स्टेशनों पर रूकते हुए शाहपुर पटोरी के रास्ते १८.०० बजे बरौनी पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी संख्या ०२०६२ बरौनी- लोकमान्य तिलक टर्मिनल समर स्पेशल (साप्ताहिक) दिनांक १२.०४.२०१६ से ०५.०७. २०१६ तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से २१.१० बजे खुलकर २३.१० बजे हाजीपुर, २३. ५० बजे पाटलीपुत्र, ००.४५ बजे आरा, ०१.४५ बजे बक्सर, ०३.२० बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को ०५. ४५ बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई पहुंचेगी।

यह समर स्पेशल ट्रेन बरौनी और लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच उपरोक्त स्टेशनों के अलावा इलाहाबाद छेवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खाण्डवा, भुसावल, नासिक, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशनों पर रूकेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में ततीय वातानुकुलित श्रेणी के १५ एवं एसएलआर के ०२ कोच सहित कुल १७ कोच होंगे।

## दुनिया है हर इंसान की


\- राजेश शर्मा

नदिया की छोर की, निशा की भोर की
ऋतुओं की बागकी, फूलों कीखार की।
सागर की बूंद की, झरने की तालाब की,
पवनों की मेघ की, पर्वत की रेत की।
खेत की खलियान की बंजर पड़े मैदान की,
आकाश की पाताल की, अम्बर की तारों की।
सूरज की चांद की, शैतन की इंसान की,
निर्बल की बलवान की, निर्धन की धनवान की।
स्वस्थ की बीमार की, दरोगा की चोर की,
जीवन की मौत की, खुले की छोर की।
दुश्मन की यार की, नफ़रत की प्यार की,
पशु की जनोट की, देव की चांडाल की।
मियां की मल्हार की, सारंगी कीतलवार की,
पुजारी की भगवान की, सूक्ष्म की विशाल की।
बच्चों की बूढ़ों की, पुरूषों की नार की,
पंडित की शूद्र की, अनपढ़ की विद्वान की।
धर्म की ईमान की, हिन्दू की मुसलमान की,
हम नहीं मालिक इसके.......
दुनिया है हर इंसान की।

# उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस में क्षेत्रीय रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस में दिनांक २४.०४.२०१६ को क्षेत्रीय रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं का उदघाटन डॉ. रोशनी खुबचंदानी, उप महाप्रबंधक/राजभाषा ने किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक/राजभाषा ने कर्मचारियों के इस प्रतियोगिता में भाग लेने के प्रति उत्साह पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों को अखिल रेल प्रतियोगिताओं में उत्तर रेलवे का नाम रोशन करने की प्रेरणा भी दी। इस प्रतियोगिता में उत्तर रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों और मंडलेत्तर कार्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

# कार्यान्वयन संपूर्ण शासन तंत्र का मूल आधार : उपराष्ट्रपति



प.सू.का/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि कार्यान्वयन संपूर्ण शासन तंत्र का मूल आधार है। यह इस पर निर्भर है कि वितरण प्रणाली कितने बेहतर अंदाज में काम कर रही है। उन्हों ने सिविल सेवा अधिकारियों को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया और कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विशेष अनुभवों के साथ एक-दूसरे के पूरक बनें। इससे भारत की विकास गाथा को आवश्यक गति और दिशा मिलेगी।

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान द्वारा प्रायोजित लोक प्रशासन में उन्नत व्याविसायिक कार्यक्रम (एपीपीपीए) के ४४वें बैच को दिनांक १५.०४.२०१६ नई दिल्ली में संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे यथास्थिति के स्थारन पर सक्रियतापूर्वक स जनशील विकल्पों की तलाश करें और लोगों के साथ संपर्क को मजबूत करने के लिए कदम उठायें तथा राष्ट्र की प्रगति में उन्हें साझेदार बनायें। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के सचिव डा. आ.वा.सुब्बाराव, आई आई पीए के निदेशक एस.एन. त्रिपाठी, आई आई पीए के कार्यक्रम निदेशक (एपीपीपीए) प्रो. अशोक विशनदास और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सुरेश अंगड़ी चन्नबसप्पा ने संभाला रेल राज्य मंत्री के पद का कार्यभार



प.सू.का/नई दिल्ली। सुरेश अंगड़ी चन्नबसप्पा ने ३१ मई, २०१६ को रेल राज्य मंत्री पद का कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वी.के. यादव और बोर्ड के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। सुरेश अंगड़ी चन्नबसप्पा कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। वे बेलगाम से १७वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अंगड़ी १९९६ में पार्टी की बेलगाम जिला इकाई के उपाध्यक्ष बन गए। वह १९९९ तक उसी पद पर रहे। २००१ में उन्हें पार्टी की जिला इकाई का अध्यक्ष नामित किया गया और २००४ में बेलागावी लोकसभा सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार नामित होने तक वह इसी पद पर रहे। २००९ के आम चुनाव में वह दूसरे कार्यकाल के लिए सांसद चुन लिए गए। २०१४ में वह लगातार तीसरी बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।


**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# छपरा तथा दिल्ली जं के बीच स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। ग्रीष्मकाल के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ को देखते हुए रेलवे छपरा तथा दिल्ली जं० के बीच स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन निम्नानुसार करेगी :- रेलगाड़ी संख्या ०५१०१ छपरा-दिल्ली जं० साप्ताहिक (०६ फेरे) दिनांक १४.०४.२०१६ से ३०.०६.२०१६ तक प्रत्येक रविवार को छपरा से सांय ०४.०० बजे प्रस्थान करके अगले दिन दोपहर १२.३० बजे दिल्ली जं० पहुँचेगी। वापसी दिशा में ०५१०२ दिल्ली जं०-छपरा साप्ताहिक (०६ फेरे) दिनांक १५.०४.२०१६ से ०१.०७.२०१६ तक प्रत्येक सोमवार को दिल्ली जं० से दोपहर ०२.२० बजे प्रस्थान करके अगले दिन पूर्वाह्न १०.५५ बजे छपरा पहुँचेगी। तीन वातानुकूलित ३ टीयर, आठ शयनयान श्रेणी तथा सात सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह विशेष रेलगाड़ी मार्ग में बलिया, मऊ, मुहम्मदाबाद, आजमगढ़, खोरसेन रोड, शाहगंज, फैजाबाद, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# आगरा छावनी-जम्मूतवी के बीच स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए, रेलवे ०४१६३/०४१६४ आगरा छावनी और जम्मूतवी के बीच साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन निम्नानुसार करेगी:-

०४१६३ आगरा छावनी-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल (०४फेरे) दिनांक ०७.०६.२०१६ से २८.०६.२०१६ तक प्रत्येक शुक्रवार को आगरा छावनी से सुबह १०.४० बजे प्रस्थान करके अगले दिन मध्यरात्रि ०१.२५ बजे जम्मूतवी पहुँचेगी । वापसी दिशा में ०४१६४ जम्मूतवी-आगरा छावनी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल (०४ फेरे) दिनांक ०८.०६.२०१६ से २९.०६.२०१६ तक प्रत्येक शनिवार को जम्मूतवी से सुबह ०५.३० बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि ०६.०० बजे आगरा छावनी पहुँचेगी। एक वातानुकूलित २ टीयर, पाँच वातानुकूलित ३ टीयर, आठ शयनयान श्रेणी, छः सामान्य श्रेणी और दो दिव्यांग अनुकूल सह सामानयान के डिब्बों वाली ०४१६३/ ०४१६४ आगरा छावनी-जम्मूतवी साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में मथुरा जं०, दिल्ली सफदरजंग, अम्बाला और लुधियाना स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी ।

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन.आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


**कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।**

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा**

**अपने शुभचिंतकों को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं**

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। क पया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. ९७९३९५६०४४

**संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।**

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*


Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan, Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran


उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।